**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 27.04.2026**

## थाना वेवसिटी पुलिस द्वारा लूट के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान किया गिरफ्तार।

दिनांक 27.04.2026 को वादिया श्रीमती मुन्नी पत्नी श्री स्व0 किशन पाल निवासी थाना क्षेत्र वेव सिटी गा0बाद की तहरीर के आधार पर 03 लडके अज्ञात मोटर साईकिल सवार द्वारा वादिया के कान का कुन्डल छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना वेवसिटी पर मु0अ0सं0 0100/2026 धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात 03 लडके पंजीकृत किया गया तथा साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया।

तत्पश्चात थाना वेवसिटी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग मे प्रकाश में आये अभियुक्त 1- अंकित जाटव पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर 2- दीपक नागर पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर , 3- सचिन नागर पुत्र सौराज निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे।

आज दिनाँक 27.04.26 को मुकदमा उपरोक्त में वाँछित अभियुक्तगण 1- दीपक नागर पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर , 2- सचिन नागर पुत्र सौराज निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर को चैकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड मे गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ मे बताया कि हम दोनो ने अपने साथी अंकित जाटव के साथ मिलकर दिनांक 25/04/2026 को सुबह 09.00 बजे के लगभग ग्राम इकला मे एक महिला के कान से एक कुन्डल छीन लिया था और भाग गये थे।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -

1- दीपक नागर पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर

2- सचिन नागर पुत्र सौराज निवासी ग्राम कचेडा थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर

### आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –

1.100/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना वेवसिटी

अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### बरामदगी का विवरण:-

घटना मे छीना गया एक कुन्डल पीली धातु

घटना मे प्रयुक्त R15 मोटर साइकिल

02 अवैध तमंचे 315 बोर

03 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार करने वाली टीम-
थाना वेवसिटी पुलिस टीम

# सुरक्षा और सुविधा का नया आयाम
# थाना कविनगर भवन का उद्घाटन

श्री जे० रविंदर गौड, पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशन में बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में निरंतर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में **थाना कविनगर** को आधुनिक सुविधाओं, हाई-टेक सिस्टम और जन-सुलभ सेवाओं पर विशेष ध्यान देते हुए जन सहयोग से पुनर्विकसित किया गया है।

**मुख्य आकर्षण इस प्रकार हैं:-**

**आधुनिक प्रतीक्षालय:-**

- **आरामदायक बैठने की व्यवस्था:** प्रतीक्षालय में पर्याप्त संख्या में कुर्सियाँ और सोफे लगाए गए हैं ताकि आने वाले नागरिकों को खड़े होकर इंतजार न करना पड़े।

- **स्वच्छता और सुव्यवस्था:** पूरे हॉल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया है। नियमित हाउसकीपिंग और कचरा निपटान की व्यवस्था की गई है।

- **उचित प्रकाश और वेंटिलेशन:** प्रतीक्षालय में प्राकृतिक रोशनी और हवा के लिए बड़े खिड़कियाँ बनाई गई हैं, साथ ही आधुनिक LED लाइट्स और पंखों/एयर-कंडीशनिंग की सुविधा भी दी गई है।

- **सूचना एवं मार्गदर्शन:** नागरिकों को आवश्यक जानकारी देने के लिए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड और सूचना पटल लगाए गए हैं।

- **मूलभूत सुविधाएँ:** पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय और दिव्यांगजन के लिए रैंप जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं।

- **सकारात्मक माहौल:** दीवारों पर प्रेरणादायक संदेश और रंगीन सजावट की गई है ताकि प्रतीक्षा करते समय नागरिकों को सहज और सकारात्मक अनुभव मिले।

## मिशन शक्ति केंद्र:-

- **महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान:** केंद्र में प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मी और परामर्शदाता मौजूद रहते हैं, जो किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या को तुरंत सुनते और उसका समाधान करने का प्रयास करते हैं।
- **त्वरित सहयोग की व्यवस्था:** आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि पीड़ित महिला को विलंब का सामना न करना पड़े।
- **काउंसलिंग सुविधा:** मानसिक और भावनात्मक सहयोग के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाते हैं, जिससे महिलाएँ अपनी समस्याओं को खुलकर साझा कर सकें और समाधान पा सकें।
- **कानूनी मार्गदर्शन:** महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जाती है, ताकि वे आत्मनिर्भर और जागरूक बन सकें।
- **सशक्तिकरण की पहल:** केंद्र में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मविश्वासी और सक्षम बनाना है।
- **सुरक्षित वातावरण:** केंद्र का माहौल ऐसा बनाया गया है कि महिलाएँ बिना किसी भय या संकोच के अपनी समस्याएँ साझा कर सकें।

## साइबर सेवा यूनिट:-

- **विशेषज्ञ टीम:** प्रशिक्षित पुलिसकर्मी और तकनीकी विशेषज्ञ यहाँ तैनात हैं, जो साइबर अपराध की जाँच और समाधान में दक्ष हैं।
- **त्वरित निस्तारण:** शिकायत दर्ज होते ही उसे प्राथमिकता के आधार पर लिया जाता है और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।
- **विविध शिकायतों का समाधान:** ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़ी समस्याएँ, ई-मेल हैकिंग, फिशिंग, और डिजिटल वित्तीय अपराध जैसी शिकायतों का निपटारा किया जाता है।
- **सुरक्षा और जागरूकता:** नागरिकों को साइबर सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है, ताकि वे भविष्य में ऐसे अपराधों से बच सकें।

- **कानूनी मार्गदर्शन:** पीड़ितों को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाती है।
- **तकनीकी उपकरणों का उपयोग:** आधुनिक सॉफ्टवेयर और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम का प्रयोग कर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी की जाती है।

## सौंदर्यपूर्ण एवं कार्यात्मक डिजाइन:-

- **अनुकूल वातावरण:** आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय, परामर्श कक्ष और अन्य सुविधाएँ इस तरह व्यवस्थित की गई हैं कि उन्हें सहज और सम्मानजनक अनुभव हो।

- **स्टाफ के लिए सुविधा:** कार्यालय कक्ष, रिकॉर्ड रूम और मीटिंग हॉल को कार्यात्मक रूप से डिज़ाइन किया गया है, जिससे पुलिसकर्मियों को अपने कार्य निष्पादन में सुविधा और दक्षता मिले। कार्यालयों का नवीनीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, उन्नत सुविधाएं और सुव्यवस्थित कार्यस्थल पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और मनोबल को बढ़ाते हैं।

- **सौंदर्य और हरियाली:** परिसर में हरियाली और सजावटी पौधों का समावेश किया गया है, जिससे वातावरण सुखद और सकारात्मक बने।

- **व्यावहारिकता और टिकाऊपन:** भवन निर्माण में ऐसे सामग्री और डिज़ाइन का प्रयोग किया गया है जो लंबे समय तक टिकाऊ रहें और रखरखाव में भी सरल हों।

नवीनीकृत थाना कविनगर प्रौद्योगिकी, अधोसंरचना और मानव-केंद्रित सेवा प्रदाय का एक समग्र आधुनिक मॉडल प्रस्तुत करता है। उन्नत डिजिटल सिस्टम, सुव्यवस्थित शिकायत निवारण प्रक्रिया और स्पष्ट सार्वजनिक सूचना प्रदर्शन से पारदर्शिता एवं जवाबदेही मजबूत होगी। नया लेआउट नागरिकों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करता है तथा विभिन्न सेवाओं के लिए अलग-अलग समर्पित काउंटर भी बनाए गए हैं। इससे दैनिक पुलिसिंग, आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है।

**यह पुनर्निर्माण गाजियाबाद पुलिस की उस व्यापक योजना का हिस्सा है जिसके तहत वर्ष के अंत तक सभी थानों का आधुनिकीकरण किया जाएगा तथा अगले वर्ष सभी पुलिस चौकियों को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। थाना कविनगर**

का उद्घाटन गाजियाबाद पुलिस की जन-मित्र पुलिसिंग, प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं और प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद वातावरण प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।